न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, खाजूवाला जिला बीकानेर
पीठासीन अधिकारी :– रमेशकुमार आर.ए.एस.
राजस्व वादपत्र संख्या :–28 / 2023

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी / अपीलांट मांगीलाल ने उपस्थित होकर प्रकरण विड्रॉ करने बाबत् प्रार्थनापत्र व शपथपत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रकरण में सद्भावना से राजीनामा हो चुका है। इसलिए प्रार्थी उक्त लम्बित प्रकरण को विड्रॉ करवाकर प्रकरण दाखिलदफ्तर करवाना चाहता है एवं अपीलांट ने शपथपत्र में निवेदन किया है कि वादगत भूमि की अपील जरिये अधिवक्ता श्री सुभाष बिश्नोई की गई थी यह अपील (मु0नं0 28 / 2023) पेश करने वाला मांगीलाल मैं ही हूँ और मैं बिना किसी दबाव पूर्ण होशों हवास में अपील लोक अदालत की भावना से वापिस ले रहा हूँ और मैं इसमें कोई तथ्य झूठ नहीं है जिसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वंय की है। अपीलांट की पहचान पूनमचंद आधारकार्ड 954043441403 व गणेशकुमार क0 सहा0 प0स0 खाजूवाला द्वारा की गई। प्रार्थी / अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रकरण विड्रॉ बाबत् प्रार्थनापत्र, शपथपत्र व पत्रावली का अध्ययन, अवलोकन किया गया। प्रार्थी / अपीलांट मांगीलाल स्वंय प्रकरण आगे नहीं चलाना चाहता है। इसलिए प्रार्थी मांगीलाल का विड्रॉ प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है एवं पत्रावली इसी स्तर पर विड्रॉ के आधार पर निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसलशुमार होकर दाखिलदफ्तर हो।